53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.0°c
अधिकतम 28.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:22, सूर्यास्त - 7:23 | वर्ष : 53/ अंक : 179 | सोमवार, 30 जून 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**
जीवन में हमेशा किसी को परखने की ही कोशिश मत करिए... कभी समझने का भी प्रयास अवश्य कीजिए...

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
जब भी अपराधियों और भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती है, अखिलेश यादव बेचैन हो जाते हैं : हरिशचंद्र श्रीवास्तव



जनता नेता जिन्हें समझती है... उनको जनता से प्यार होता है....

# मजलिस में दरोगा और सिपाही पर बदसलूकी का गंभीर आरोप, किसी तरह मामला शांत

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** मजलिस के दौरान दरोगा गणेश शर्मा और सिपाही जयदीप नागर पर बदसलूकी का गंभीर आरोप लगा है। यह घटना इतनी बढ़ गई कि कोतवाल के हस्तक्षेप और माफी मांगने के बावजूद भी विवाद पूरी तरह से सुलझ नहीं पाया है, हालांकि इस दौरान गुस्साए शिया समुदाय के लोगों ने रास्ता जाम कर या हुसैन को याद किया और धरना शुरू कर दिया था, लेकिन थाना खालापार कोतवाल महावीर सिंह के मौके पर पहुंचने और एसएसपी संजय सिंह के अवकाश से लौट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन पर धरना टाल दिया गया। इस घटना से शिया समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है और पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना कल देर रात की है जब एक धार्मिक मजलिस चल रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात दरोगा और एक सिपाही ने मजलिस में मौजूद प्रसाद को लेकर दो युवकों के झगड़े को लेकर लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने बिना किसी उकसावे के लोगों को अपशब्द कहे और माहौल खराब करने की कोशिश की। इस बदसलूकी के बाद मजलिस में हंगामा खड़ा हो गया। अगले दिन शिया समुदाय के कई सौ लोग देर रात कि घटना को लेकर एकत्रित हुए तो मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ अपना रोष जाहिर करते हुए उनके खिलाफ सस्पेंड करने की कार्रवाई की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय थाना खालापार के कोतवाल महावीर सिंह को मौके पर पहुंचना पड़ा। बताया जा रहा है कि कोतवाल ने मामले को शांत करने के लिए माफी भी मांगी, लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। शुरूआती तौर पर यह विवाद सुलझता नहीं दिख रहा था, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद फिलहाल इसे टाल दिया गया है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि वे इस मामले को यहीं खत्म नहीं करेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने पुलिस और जनता के बीच संबंधों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और क्या इस विवाद को पूरी तरह से सुलझाया जा सकेगा।

### मजलिस में प्रसाद को लेकर मारपीट, दो हिरासत में

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को खालापार थाना क्षेत्र के किदवईनगर के एक निजी स्कूल में चल रही मजलिस के दौरान प्रसाद बांटने को लेकर दो युवकों के बीच तीखी झड़प मारपीट में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और दोनों ही युवकों के शांति भंग में चालानी कार्रवाई की।



### चिलचिलाती गर्मी में जहां 10 कदम पैदल भी चलना हो रहा मुश्किल...

# वहीं ढाई सौ किलोमीटर की दंडवत यात्रा कर रहा भोला कांवड़िया

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** जहां आजकल की गर्मी में 10 कदम चलना भी दूभर हो रहा है, वहीं एक अदम्य आस्था का प्रतीक, भोला कांवड़िया, अपनी ढाई सौ किलोमीटर की दंडवत यात्रा से सबको अचंभित कर रहा है। हरिद्वार से दिल्ली तक की यह कठिन यात्रा, जिसमें भोला कांवड़िया हर कदम पर दंडवत होकर आगे बढ़ रहा है, आस्था और तपस्या का एक अनूठा संगम है। इन दिनों चिलचिलाती 10 कदम पैदल चलने भर से पेंट को गीला कर दे रही है, तो सोचिए इस भोले के तप और जप के साथ ये भगवान आशुतोष की शक्ति नहीं तो और क्या है, क्योंकि भोले की इस भक्ति को धूप और तपती सड़क, दोनों मिलकर भी इस दृढ़ संकल्प को हिला नहीं पा रही हैं। हर दिन सुबह भोर से शुरू होने वाली दिल्ली के रहने वाले भीमा भोले की यह यात्रा शरीर को जमीन पर टिका कर, धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। उनकी इस यात्रा को देखने वाला हर कोई हैरत में है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालु भी भोला को देखने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हैं। इस दौरान भीमा भोले ने अपने परिवार से मिलने की इच्छा भी जाहिर की और शिव चौक पर उनके परिवार के लोग जब दिल्ली से वहां पहुंचे, तो भोले की मानो ताकत दो गुनी हो गई हो, हाथों में चार माह का बेटा राघव और चेहरे पर मुस्कान के साथ मानो भोला अपने घर के आंगन में बच्चे के साथ खेल रहे हो। इस दौरान दिल्ली से भोले की सेवा करने व मिलने उनकी मां द्रोपदी, पत्नी ममता, भाई सुनील, विजय, नीरज मुजफ्फरनगर पहुंचे थे।

**250 किलो मीटर की दंडवत यात्रा : आस्था का अद्भुत तप**





### बाबा ने बोला चलो तो मैं चल पड़ा : भीमा भोला

**मुजफ्फरनगर।** भीमा भोले का कहना है कि यह यात्रा उन्होंने भगवान शिव को समर्पित की है और उनके मन में कोई थकान या कष्ट नहीं है। रास्ते में जगह-जगह लोग उनके लिए पानी, फल और अन्य जरूरी चीजों का इंतजाम कर रहे हैं। 15 दिन की इस यात्रा में अब तक उनके द्वारा 120 किलोमीटर की यात्रा पूरी की जा चुकी है। कई दिनों से अपने परिवार से नहीं मिला हूं। इच्छा हो रही है, उनसे मिलने की तो शिव चौक पर दिल्ली से परिवार आ रहा है उनसे मिलूंगा और आगे की यात्रा पूरी करूंगा।

### इच्छाशक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का एक जीता-जागता उदाहरण

**मुजफ्फरनगर।** भोला कांवड़िया की यह यात्रा केवल शारीरिक कष्टों से भरी नहीं है, बल्कि यह मानव इच्छाशक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का एक जीता-जागता उदाहरण है। उनकी यह तपस्या लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन रही है और यह संदेश दे रही है कि यदि मन में सच्ची श्रद्धा हो तो कोई भी बाधा असंभव नहीं है। उनकी इस यात्रा से यह साबित होता है कि आस्था और दृढ़ संकल्प के आगे शारीरिक चुनौतियां छोटी पड़ जाती हैं। इस असाधारण यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए भोला कांवड़िया को अभी भी कई किलोमीटर का सफर तय करना है, लेकिन उनका जोश और आस्था अक्षुण्ण बनी हुई है।

# कायर खड़े देखते रहे, सफेद दाढ़ी, सिर पर टोपी ओढ़े फिर ज़लील कर गया महिला से अश्लील छेड़छाड़

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** मेरठ रोड स्थित लोहिया बाजार के बाहर फिर एक ज़लील ने नीच हरकत कर डाली। नीचता की सारी हदें पार करते हुए उसने अपनी बेटी जितनी उम्र की महिला से अश्लील छेड़छाड़ की और तेजी से भागने लगा। महिला पीछे से आई और उसने दो मुक्के उक्त सफेद दाढ़ी, सिर पर टोपी ओढ़े लगभग 65 वर्षीय ज़लील बूढ़े को मारे। अफसोस की बात यह है कि आसपास खड़े कायर लोग तमाशा देखते रहे और एक भी व्यक्ति ने इस सफेद दाढ़ी वाले मुल्ला को पकड़ने तक की कोशिश नहीं की। बाद में जैसे-कैसे किसी दुकानदार द्वारा वीडियो फुटेज निकालकर सोशल मीडिया से साझा की। सोशल मीडिया पर उक्त वीडियो चलने के बाद पुलिस किसी प्रकार की हरकत में नहीं आई और न ही समाचार लिखे जाने तक थाने से उक्त सफेद दाढ़ी वाले मुल्ला के विरुद्ध कोई रिपोर्ट दर्ज करने की सूचना ही मिली। ऐसी शर्मनाक हरकत कैमरे में देखकर हिन्दू संगठनों में फिर एक बार आक्रोश दिखा और उक्त मुल्ला की तलाश शुरू कर दी।



### कल हिन्दू संगठन करेंगे सफेद दाढ़ी वाले इस ज़लील मुल्ला की तलाश

मुजफ्फरनगर। क्योंकि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि महिला स्वयं शिकायत करे, तभी कोई कार्यवाही हो, मगर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल गया है और उन्हें पता लगा है कि उक्त मुल्ला पान मण्डी में कोई कमरा लेकर रह रहा है। आज सोमवार को इस बात की पुष्टि करने के बाद हिन्दू संगठन स्वयं इसका उपचार करने के लिए पान मण्डी पहुंचेंगे। हालांकि हिन्दू संगठनों के आक्रोश में आने के बाद हो सकता है कि पुलिस सक्रिय हो जाए और सोमवार तक उक्त मुल्ला के बारे में जानकारी हासिल करने के बाद इसकी गिरफ्तारी कर ले। अब देखना यह होगा कि सोमवार को पुलिस और हिन्दू संगठन उक्त मामले में क्या निर्णय लेते हैं।

# रविवार सुबह झमाझम बारिश से टापू में तब्दील हुआ पूरा शहर

- 66 एमएम बारिश ने तोड़े नगर में इस बार अब तक के रिकार्ड
- शिवचौक, दाल-पान मंडी समेत अन्य बाजार हुए जलमग्न
- शहर की निचली बस्तियों में घरों में भरा पानी, लोग बेहाल
- आमजन के साथ किसानों को बारिश से मिली बड़ी राहत

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** बीते एक सप्ताह से मौसम में जारी बदलावों से गर्मी परेशान कर रही थी। वहीं इस बीच समूचे उत्तर भारत के साथ दिल्ली-एनसीआर समेत जनपद में बीते दो दिनों से गर्मी और उमस से हाल बेहाल हो रहा था। रविवार सुबह मौसम के बदले मिजाज के बीच हर ओर आसमान में काले बादलों के साथ झमाझम बारिश से शहर कुछ ही देर में टापू में बदलता दिखाई दिया, ऐसे में तमाम मुख्य बाजारों के साथ ही शिवचौक पर सड़कें जलमग्न होने के साथ दुकानों और घरों में पानी भर जाने से बुरा हाल हो गया। हालांकि, बारिश हल्की होने के कुछ देर बाद पानी कम होने लगा, लेकिन इस बीच घरों व दुकानों में भारी नुकसान होने की आशंका बनी रही।

समूचे उत्तर भारत में समय से पूर्व मानसून की दस्तक के बीच मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। दिल्ली-एनसीआर समेत जनपद में इस बीच कई दौर की बारिश से कहीं अधिक बारिश रविवार को होने से पुराने रिकार्ड ध्वस्त हो गए। मौसम विभाग के जारी किए आंकड़ों में रविवार को नगर में 66 एमएम बारिश होने के साथ अधिकतम तापमान करीब 12 डिग्री की गिरावट के साथ जहां 28.4 डिग्री रह गया, वहीं न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट के साथ 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के बारे में भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम के वैज्ञानिक डॉ. एम. शमीम का कहना है कि मौसम में बदलाव के साथ बारिश शुरू हो गई है। आगामी 2 दिन तक मानसून की अच्छी बारिश होने के आसार हैं। मानसून वैसे तो पूरे देश में दस्तक दे चुका है। मानसून की पूरी बारिश जनपद के साथ आसपास के जिलों में होगी। रविवार सुबह से ही बदले मौसम के बीच रिमझिम बारिश ने दिन के तापमान व उमस को भी कम कर दिया है, वहीं बारिश के होने से जहां क्वालिटी इंडेक्स 100 से नीचे आ जाएगा, वहीं शहरवासियों को गर्मी से भी राहत मिलेगी। यह बारिश फसलों के लिए भी काफी लाभकारी होगी। उधर, मानसून की वजह से देशभर में जमकर बारिश हो रही है। बारिश के चलते जहां एक ओर उत्तराखंड-हिमाचल समेत उत्तरी राज्यों में बादल फटने की घटनाओं से जन जीवन अस्त व्यस्त है, वहीं मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश के बाद कहीं जल जमाव और कहीं बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। उत्तर प्रदेश में मानसून ने पूरी तरह से दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले घंटों में कई जिलों में तेज बारिश होने के साथ इन जिलों में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार देश में अगले 48 घंटों के भीतर अब मानसून की चपेट में आ जाएगा, जिससे भारी बारिश, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बढ़ गई है। रविवार को जनपद में हुई उक्त झमाझम बारिश की बात की जाए तो नगरीय क्षेत्र में जहां इस बीच उमड़-घुमड़ कर बरसे बदराओं ने जहां 66 एमएम बारिश ने पूरे शहर को टापू में तब्दील कर दिया, वहीं शिवचौक समेत इसके आस्पास के मुख्य बाजारों व सड़कों पर वाहनों की गति को ब्रेक लगा दिए। इस बीच जरुरी काम को निकले वाहन चालकों को पानी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके साथ रोजमर्रा घूमने जाने वाले लोगों को जलभराव के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, जलभराव के कारण दुकानों व घरों में पानी भर जाने से बारिश बंद होने के बाद घंटों की मशक्कत करके निकाला गया।

# रुड़की रोड हनुमान मन्दिर के बाहर जलभराव से बेहाल लोग

### निचली बस्तियों के साथ पॉश कालोनी में भरा पानी

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** रविवार सुबह नगरीय क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश से बीते कई दिनों से जारी भीषण गर्मी व उमस से जहां लोगों को राहत मिली, वहीं दूसरी ओर आफत की इस बारिश ने शिवचौक से मेरठ रोड हनुमान मंदिर के बाहर मुख्य सड़क पर हुए जलभराव से दुकानदारों के साथ वहां से होकर गुजर रहे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक निजी शोरूम के बाहर भरे पानी के कारण कुछ लोगों को वहां से गुजरते वाहनों की जद में आने से कपड़ों पर गंदगी व कीचड़ से दो-चार होते हुए भी देखा गया। इसके अलावा दाल मंडी, पान मंडी, लोहा मंडी के साथ तहसील मार्किट के नीचे के हिस्से में संचालित दुकानों में पानी भर जाने और सड़कों पर कूड़ा-करकट व कीचड़ के बीच भारी दिक्कतों का सामना करने को विवश होना पड़ा। इसके साथ रविवार सुबह हुई बारिश के बीच मौ. रामपुरी, जनकपुरी, ब्रह्मपुरी, साकेत, आर्यपुरी, महमूदनगर, इन्दिरा कॉलोनी, फ्रैंडस कॉलोनी, रहमतनगर, किदवई नगर समेत अन्य निचली बस्तियों में इस बीच जलभराव होने के साथ घरों में पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।





सड़क किनारे बैठे इन दुकानदारों की भी दुकानदारी करोओ, 100-150 में बढ़िया छतरी ले जाओ



रविवार को हुए 66 मिमी. बारिश के बाद शहर में हुआ जलभराव

# भीम आर्मी के वर्करों ने किया जमकर पथराव, पुलिस की गाड़ियां और बस फूंकी, चंद्रशेखर अरेस्ट

**प्रयागराज, 29 जून (एजेंसी)।** भीम आर्मी के संस्थापक व लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को रविवार को उस वक्त हाउस अरेस्ट कर लिया गया जब वह कौशांबी और करछना में हाल ही में हुई घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे थे। उन्हें प्रयागराज के सर्किट हाउस में ही रोक दिया गया, जिसके बाद वह अपने समर्थकों के साथ वहीं धरने पर बैठ गए। इस कार्रवाई के विरोध में प्रयागराज का करछना क्षेत्र हिंसक हो उठा। हजारों की संख्या में पहुंचे भीम आर्मी समर्थकों ने सड़कों पर जबरदस्त हंगामा किया। करछना इलाके में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की आठ गाड़ियों और सात निजी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सरकारी बसों पर भी जमकर पथराव किया गया। भड़ेवरा बाजार में प्रदर्शनकारियों ने आम नागरिकों और पुलिसकर्मियों पर ईंट-पत्थरों की बौछार कर दी, जिससे मची भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत 15 लोग घायल हो गए। स्थानीय दुकानदारों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों ने चुनिंदा दुकानों, खासकर सवर्ण समाज की दुकानों को निशाना बनाकर उनके शीशे तोड़े और तोड़फोड़ की। स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, लेकिन भीड़ पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। हालात बेकाबू होते देख नैनी, औद्योगिक क्षेत्र, करछना, घूरपुर, कौंधियारा, कीडगंज, बारा और मुठ्ठीगंज थानों की फोर्स को मौके पर बुलाया गया। पुलिस को करीब पांच घंटे तक भारी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद पीएसी और आरएएफ की तैनाती कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस ने मौके से भीम आर्मी के 17 कार्यकताओं को हिरासत में लिया है। इस बवाल के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है और सुरक्षा बल तैनात हैं।







Fortis HOSPITAL NOIDA

**रीढ़ की हड्डी, जोड़ों का दर्द, कैंसर व नसों के दर्द के लिए ओपीडी**

दिल्ली के बहुप्रतिष्ठित पेन स्पेशलिस्ट से मिलें



**डॉ. अनुराग अग्रवाल**

MBBS (UCMS & GTB Hospital), MD (M.A.M.C.), DA (Safdarjung Hospital), FISNAC, FIPM, Trained in University of Birmingham, UK
एडिशनल डायरेक्टर - आपातकालीन चिकित्सा
न्यूरो - स्पाइन और दर्द विशेषज्ञ, फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा

साप्ताहिक ओ.पी.डी.
दिनांक 01 जुलाई, 2025 (प्रत्येक मंगलवार)

आप बेहतर दवाईयों से अपने पुराने दर्द से राहत पायें।



परामर्श लें :
- स्लिप डिस्क
- रीढ़
- पीठ दर्द
- कंधे एवं जोड़ों का दर्द
- माइग्रेन
- लंबे समय तक सिरदर्द
- कैंसर का दर्द
- न्यूरोपैथी
- पुराना दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 80761-88634,97172-36321
नेवी मेडिकल स्टोर, गली न0. 2, मेन रोड, सदर बाजार, मु० नगर
समय : प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक

## मायावती ने दलित छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृत न करने पर की यूपी सरकार की आलोचना

**लखनऊ 29 जून (वार्ता)** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अलीगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप सिह विश्वविद्यालय के दलित छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृत न करने पर उत्तर प्रदेश सरकार की आज आलोचना की। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि इस विश्वविद्यालय से कई जिलों के दर्जनों कॉलेज संबद्ध हैं और हजारों एससी-एसटी छात्र वहां पढ़ते हैं। मायावती ने कहा '' राज्य सरकार की ढिलाई के कारण छात्रों को अभी तक छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई है। इस कारण छात्रों में चिता और आक्रोश है क्योंकि उनका भविष्य अधर में लटक रहा है।''उन्होंने लिखा कि इस संबंध में विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन से बार-बार पत्राचार भी किया गया। इसके बावजूद लखनऊ में समाज कल्याण विभाग के स्तर पर असंवेदनशीलता और लापरवाही के कारण मंजूरी में देरी हुई है, जिससे करीब 3500 दलित छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा ''क्योंकि अलीगढ़ का यह विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों से ही स्थापित हुआ है इसलिए मुख्यमंत्री हजारों दलित छात्रों की इस गंभीर समस्या का समाधान अवश्य निकालेंगे।



## भरतपुर में मिट्टी ढहने से चार की मौत, छह घायल

**भरतपुर, 29 जून (वार्ता)** राजस्थान में भरतपुर के गहनौली थाना क्षेत्र में जंगी के नगला के पास रविवार को चंबल परियोजना की पाइप लाइन डालने के दौरान मिट्टी ढहने से एक युवक और तीन महिलाओं की मौत हो गयी जबकि छह अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जंगी के नगला के पास सुबह पाइप लाइन के लिए की गयी खुदाई में निकली पीली मिट्टी को भरने के लिए 15 महिला पुरूष करीब 10 फुट गहरे गड्ढे में उतरे थे। इसी दौरान मिट्टी भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। इस पर ग्रामीणों ने तुरंत फावड़ों से खुदाई करके मिट्टी में दबे सभी लोगों को निकाल लिया और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में अनुकूल (22), योगेश कुमारी (25), विनोद देवी (55) और विमला देवी (45) को चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। जबकि घायलों में चार को उनके परिजन निजी अस्पताल ले गये दिनेश (38) और जयश्री (50) को भर्ती कर लिया गया। पांच अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी।

## दवा विक्रेता की बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया अधेड़

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक दवा विक्रेता की बेटी को एक अधेड़ उम्र का दो बच्चों का पिता बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि पड़ोस में राज चौधरी उर्फ राजीव कुमार अपने परिवार के साथ किराये पर रहता है। आरोपी अधेड़ ने परिजनों की मदद से उसकी बेटी को अपने जाल में फंसाया और 26 जून को बेटी को बहला-फुसलाकर फरार हो गया। काफी तलाशने के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लग पाया। इसी बीच अपना बचाव करने के लिए आरोपी पक्ष के अन्य लोग घर पर ताला मारकर अपना सामान उठाकर नौ दो ग्यारह हो गए। बताया जाता है कि लड़की को भगाने वाले व्यक्ति की उम्र 40 वर्ष है और उसके दो बच्चे भी हैं। पुलिस ने राज चौधरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## दो बसों की टक्कर के बाद लगी आग, 37 लोगों की मौत, 30 घायल

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसी)।** उत्तरी तंजानिया में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये हादसा शनिवार शाम किलीमंजारो क्षेत्र के मोशी-टांगा हाईवे पर सबसबा इलाके में हुआ, जब दो बसें आपस में टकरा गईं और देखते ही देखते उनमें आग लग गई। इस हादसे के मारे गए लोगों की पहचान और राष्ट्रीयता की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। वहीं घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। हादसा के बाद देशभर में शोक की लहर दौड़ उठी। तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुहुलु हसन ने इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि मैं किलीमंजारो क्षेत्रीय आयुक्त, पीड़ित परिवारों, रिश्तेदारों और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति दे और घायलों को जल्द स्वस्थ करें। राष्ट्रपति ने सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से पालन करने की अपील की।

# 10 करोड़ से बने सोने के झूले पर विराजेंगे रामलला, राम मंदिर ट्रस्ट बनवा रहा दो स्वर्ण जड़ित विशेष झूला

**अयोध्या, 29 जून (एजेंसी)।** सावन के आगमन के साथ ही रामलला को झुलाने की परंपरा में इस बार सोने के झूले की भव्य झलक श्रद्धालुओं को भाव विभोर करने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भूतल पर भव्य स्वरूप में विराजमान रामलला व प्रथम तल

**26 जुलाई से पहले बनकर अयोध्या आ जाएगा। इसी दिन से यहां झूला उत्सव होगा शुरू**



पर सीताराम इस सावन में स्वर्ण जड़ित झूले पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। मुंबई के कारीगर पांच-पांच किलो सोने के दो झूले तैयार कर रहे हैं। एक झूले की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। इन झूलों पर हीरे, माणिक और पन्ना जड़े जा रहे हैं। रामनगरी में सदियों से झूलनोत्सव की परंपरा प्रवाहमान है। सावन शुक्ल तृतीया 29 जुलाई से सावन पूर्णिमा नौ अगस्त तक रामनगरी के हजारों मंदिरों में झूलनोत्सव की धूम होगी। लाखों श्रद्धालु अयोध्या में झूलनोत्सव का दर्शन करने उमड़ेंगे। झूलन उत्सव की परंपरा को इस बार और भव्य रूप में साकार किया जा रहा है। रामलला व सीताराम के भव्य झूला निर्मित कराया जा रहा है। पहली बार राम मंदिर के झूला उत्सव का दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। एक झूले पर रामलला की उत्सव मूर्ति व दूसरे झूले पर सीताराम की उत्सव मूर्ति सावन मेले में विराजित की जाएगी। रामलला का झूला 26 जुलाई से पहले बनकर अयोध्या आ जाएगा। इसी दिन से यहां झूला उत्सव शुरू होगा। रामलला व सीताराम 29 जुलाई को सोने के झूले पर विराजमान होंगे। सावन मेले की प्रत्येक संध्या, मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन की सरगम के साथ झूला झूलते रामलला के दर्शन होंगे।

# मुठभेड़ में शातिर वाहन चोर लंगड़ा, दो फरार

**खतौली, 29 जून (बु.)।** बीती रात कोतवाली पुलिस ने गंगनहर पटरी मार्ग पर चैकिंग के दौरान मुठभेड़ के दौरान एक शातिर वाहन चोर को लंगड़ा किया तथा उसके एक साथी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया, वहीं दो बदमाश फरार होने में सफल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन एवं सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर विक्रान्त कुमार, अनुपम सारस्वत, लोमेश कुमार तथा मनीष शर्मा, विनीत कुमार, शीतल देव, विवेक, संदीप नागर, सौबीर, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार द्वारा गंगनहर पटरी पर वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के अनुसार हरिद्वार की ओर से आ रहे ट्रक को जब रोका, तो पुलिस को देख ट्रक में सवार लोग ट्रक को छोड़कर निकटवर्ती एक बाग में भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। अपने बचाव में पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की तो एक बदमाश परवेज उर्फ मोनी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि घायल के अन्य तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए जंगल में फरार हो गए। पुलिस द्वारा बदमाशों की तलाश करने के दौरान एक अन्य बदमाश आजम उर्फ आलम पुत्र असलम निवासी को जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि घायल बदमाश को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश ने अपने फरार साथियों के नाम भूरा पुत्र अब्दुल हक निवासी नीमराना रोड थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर व नोनी निवासी नूर मस्जिद गली खालापार मुजफ्फरनगर होना बताया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार खतौली नगर की सद्दीकनगर कॉलोनी निवासी शकील ने गत दिनों कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 6 टायरा ट्रक अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। वादी की रिपोर्ट दर्ज कर कोतवाली पुलिस द्वारा बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस द्वारा बदमाशों से चोरी हुआ ट्रक व अवैध हथियार बरामद किये हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों के विरुद्ध लगभग आधा दर्जन अभियोग दर्ज हैं।





# प्रेमिका ने शादी के मंडप में पहुंचकर किया हंगामा

## दूल्हे को बताया प्रेमी तो बारात बनाई गई बंधक

**बुढ़ाना, 29 जून (बु.)।** एक विवाह मंडप में हो रही शादी में उस समय खलल पड़ गया, जब दूल्हे की प्रेमिका ऐन मौके पर अपने परिजनों को लेकर पहुंच गयी और उसने दूल्हा बने युवक की करतूत सभी घराती और बारातियों के बीच उजागर कर दी। तब दुल्हन के परिजनों ने दूल्हे, उसके परिजन और बिचौलिए को बंधक बना लिया। काफी देर तक चले हंगामे के बाद दूल्हे पक्ष ने शादी में खर्च हुई रकम को अदा कर अपनी जान बचाई और उधर प्रेमिका अपने प्रेमी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने विगत सप्ताह अपने ही गांव की एक नाबालिग किशोरी के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया था। तब दोनों पक्षों में लेन-देन के बाद फैसला हो गया था। आज रविवार के दिन उक्त युवक बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी में बारात लेकर आया और





दुल्हन को लेकर जाने ही वाला था कि अचानक से रेप का शिकार हुई किशोरी गांव रसूलपुर दभेड़ी में पहुंच गयी और उक्त युवक की करतूत बताकर जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी और बारात में शामिल काफी बाराती एक एक करके मौका पाकर चले गये। तब दुल्हन पक्ष ने रेप वाली बात छुपाने से क्षुब्ध होकर दुल्हे और बिचौलिये के अलावा दूल्हे के परिजनों को भी बंधक बनाकर शादी में खर्च हुई अपनी रकम मांगी तो काफी जद्दोजहद के बाद दूल्हे पक्ष ने दुल्हन पक्ष को मोटी रकम देकर अपनी जान बचाने में ही अपनी भलाई समझी। उधर रेप का शिकार किशोरी फुगाना थाना पहुंची और आरोपी दुल्हे के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर एक तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बुलेटिन पर चला 'जनता जाए भाड़ में' के 'समाचार' तो एक घंटे में ही डिवाइडर पर लगाई गयी ग्रिल

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** जनपद में हरेक विभाग के अधिकारियों के नित नए कृत्य आए दिन मजबूर होकर दिखाने पड़ रहे हैं। इस शासन में प्रत्येक विभाग इतना निरंकुश और संवेदनहीन हो चुका है कि उसे अब मानवीय संवेदनाओं से भी कोई लेना-देना नहीं रहा है। ठाठ की नौकरी करनी, जेबें भरनी और जनता से कोई लेना-देना नहीं। ऐसा ही एक मामला चार दिन पहले बुलेटिन की नजर में आया था, जिसमें शामली चौकी से चंद कदमों की दूरी पर एक लोहे की ग्रिल टूटकर गिर गयी थी। मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने आमजन की समस्या को देखते हुए उसी दिन रात्रि में 11:30 बजे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सम्बंधित विभाग से अनुरोध किया था कि कृपया कोई जनहानि न हो, इस कारण तुरन्त इस ओर ध्यान दिया जाए, मगर तुरन्त तो छोड़ो ग्रिल गिरने के तीन दिन बाद तक भी किसी विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। बड़ी बात यह है कि इस सड़क से प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग गुजरते हैं, इसी सड़क से नेता, इसी सड़क से अधिकारी, कर्मचारी यहां तक कि पुलिस भी इसी जगह से पचास कदम की दूरी पर बैठी है, मगर शर्मनाक बात



यह है कि किसी ने भी इसे वेल्ड तक कराने के आदेश किसी विभाग को नहीं दिये। थक-हारकर रविवार की दोपहर अधिकारियों को आईना दिखाने के लिए बुलेटिन टीम ने फिर अपने सोशल मीडिया पर भाड़ में जाए जनता शीर्षक देकर एक वीडियो चलाया, उक्त वीडियो चलने के डेढ़ घंटे बाद प्रशासन होश में आया और हाथों हाथ इस ग्रिल को वैल्ड करा दिया गया। शर्मनाक बात यह है कि जो लोग वोट बंटोरते हैं और ऐश की नौकरी कर रहे सरकारी कर्मचारी मोटा वेतन लेने के बाद भी जब जनता के हितों का ध्यान नहीं रख सकते तो ऐसे में क्या इन्हें पद पर बने रहने का अधिकार है या भारत में इस बात की स्वतंत्रता इसलिए है कि यह तो पता ही है कि सरकारी नौकरी मतलब ससुराल के दामाद जैसा व्यवहार कि नौकरी तो कहीं जा ही नहीं सकती, फिर चाहे जो मर्जी धींगामुश्ती करते रहो। अगर यही सब चलता रहा तो पचास फीसदी तो आमजन का विश्वास सरकारी कर्मचारियों और नेताओं से उठ चुका है, आने वाले दिनों में यह पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

# कथावाचक से पैर पर नाक रगड़वाने वाली महिला पर एफआईआर, डीआईजी के आदेश पर कार्रवाई

**इटावा, 29 जून (एजेंसी)।** जिले में एक धार्मिक आयोजन के दौरान कथावाचक के साथ किए गए दुर्व्यवहार और उसके बाद उपजे जातीय तनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन सख्त हो गया है। मामले में मुख्य आरोपी रेनू तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. आरोप है कि महिला ने यादव समाज के कथावाचकों से पैर पर नाक रगड़ने जैसी अपमानजनक हरकत कराई। रेनू तिवारी पर कथावाचक से पैर पर नाक





रगड़वाने का आरोप है। यह घटना एक धार्मिक कथा के दौरान हुई, जो कथावाचकों और आयोजकों के बीच तनाव का कारण बन गयी। रेनू तिवारी पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ और जातिगत टिप्पणी के बाद केस दर्ज किया गया है। बीएनएस की धारा 196 (घृणा फैलाना), 299 (जानबूझकर अपमान), 352 (हमला या हमला करने की धमकी) और आईटी एक्ट की धारा 67 (अश्लील सामग्री का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रसारण) के तहत मामला दर्ज हुआ। डीआईजी हरीशचंद्र ने आदेश दिया कि उपद्रवियों की संपत्ति कुर्क की जाए। उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) भी लगाया जाए। अब तक 20 नामजद और 100 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है, इनमें 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं 11 सोशल मीडिया यूजर्स भी हिरासत में लिया गया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के डेलीगेशन ने रढ से मुलाकात कर रेनू तिवारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि रेनू तिवारी की टिप्पणियां जानबूझकर समाज में जातीय तनाव भड़काने के उद्देश्य से की जा रही थीं।

## बदमाशों के हौसले बुलंद, मच्छरदानी में घुसकर तीन मोबाइल किये साफ

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के बागोवाली तिराहे पर कुछ लोग आम बेचने का व्यापार करते हैं। रात्रि में मच्छर हो जाने के कारण आम बेचने वालों को मच्छरदानी में ही पैक होकर रात गुजारनी पड़ती है। मच्छरदानी में सोने के बाद उक्त दुकानदार अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हुए आराम से सो जाते हैं, मगर मुजफ्फरनगर का आपराधिक इतिहास रहा है, यहां जरा सी भी लापरवाही की गयी तो हादसा हाथोंहाथ हो जाता है। ऐसा ही कुछ चोरों ने कर दिखाया। दरअसल इन चोरों को यह एहसास हो गया होगा कि आए दिन उक्त लोग आम बेचने के बाद निश्चिंत होकर मच्छरदानी में सो जाते हैं। चोरों ने इसी बात का लाभ उठाते हुए देर रात जब फलावदा निवासी इसरार, भतीजा शाकिर चार बजे के बाद आम बेचकर आराम से मच्छरदानी में सो गए तो बताया जाता है कि कुछ देर बाद हरिद्वार की ओर से एक मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों ने मच्छरदानी काट डाली और सोते-सोते उनकी मच्छरदानी से तीन मोबाइल साफ कर भाग जाने में सफल रहे। इसकी सूचना जब पुलिस को दी गयी, तो पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी।

## बिजली बिल जमा ना करने पर पूरे गांव की बत्ती गुल

**भोपा, 29 जून (बु.)।** रविवार को विद्युत विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए भोपा थाना क्षेत्र के खुशीपुरा की विद्युत सप्लाई काट दी जिसके बाद पूरे गांव में अंधेरा छा गया और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव घने जंगलों के बीच में स्थित होने के कारण पूरी रात ग्रामीणों में दहशत का माहौल रहा। भोपा थानाक्षेत्र के गांव सीकरी के

**बिजली विभाग के अनुसार पूरे गांव में मात्र चार कनेक्शन**

मजरे खुशीपुरा में रविवार को विद्युत विभाग ने कड़ी कार्रवाई की और गांव के विद्युत कनेक्शन काट दिए जिससे पूरे गांव में अंधेरा छा गया। सूत्रों के अनुसार खुशीपुरा गांव की कुल आबादी लगभग पांच सौ लोगों की है और लगभग सौ परिवार गांव में निवास करते है। गांव को विद्युत सप्लाई देने वाले विद्युत केंद्र भोकरहेड़ी के एक कर्मचारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि गांव में मात्र चार कनेक्शन है जिनको कई बार विद्युत बिल जमा करने के लिए कहा गया था। लेकिन बार बार कहने के बावजूद भी विद्युत बिल जमा नहीं किए जा रहे थे। इसलिए विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है। खुशीपुरा गांव घने जंगलों के बीच बसा हुआ है जहां कभी भी जंगली जानवर घुस आते है। ऐसे में विद्युत सप्लाई काट देने से गांव में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# चोरों ने किरयाना स्टोर पर बोला धावा, कीमती सामान चोरी

## ⏩ सीसीटीवी कैमरे मे कैद हुई चोरी की घटना, पुलिस जांच में जुटी

**भोपा, 29 जून (बु.)।** मोरना-भोपा मार्ग पर सड़क किनारे स्थित किरयाना की दुकान मे आधी रात घुसे चोरों ने दुकान के गल्ले में रखी नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी। पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के मोरना चीनी मिल के सामने प्रदीप किरयाना की दुकान करता है। शनिवार-रविवार की आधी रात चोरो ने दुकान मे चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। दुकान संचालक प्रदीप ने बताया कि रविवार की सुबह जब उसने दुकान का ताला खोला तो वहां सामान चोरी हुआ मिला चोरो ने गल्ले मे रखे लगभग 2500 रुपए की नकदी, रिफाइंड ऑयल की बोतल, कोल्ड ड्रिंक्स की दो लीटर वाली बोतल सहित अन्य वस्तुओं सहित लगभग बीस हजार के कीमती सामान को चुरा लिया। चोर दुकान की छत से जीने के रास्ते गेट तोड़कर दुकान मे घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी। पीड़ित दुकानदार प्रदीप ने बताया की कुछ दिन पूर्व दुकान के पास ही स्थित उसके घर मे भी चोरी की घटना हुई थी, जिसका आज तक भी खुलासा नहीं हो पाया है। चोरी की घटना की सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस सीसीटीवी फुटेज की सहायता से घटना की जांच में जुट गयी है।



**देर रात**

### संधावली बाईपास पर दुर्घटना, युवक गंभीर

**मुजफ्फरनगर।** नई मण्डी थाना क्षेत्र के संधावली बाईपास पर उस समय एक अज्ञात वाहन ने ईको सवार युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया जब वह सड़क के बीच गाड़ी खड़ी कर अपना खराबगाड़ी को ठीक कर रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन आया और युवक को गंभीर घायल कर भाग गया। बताया जाता है कि गंभीर अवस्था में युवक को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।

# ओडिशा में सड़क दुर्घटना में तीन युवतियों की मौत



**भुवनेश्वर, 28 जून (वार्ता)** ओडिशा के भुवनेश्वर में शनिवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में पिपली के निकट तीन युवतियों की मौत हो गयी। सूत्रों ने कहा कि तीनों युवतियां कार महोत्सव देखने के लिए पुरी जा रही थीं तभी पिपली ओवरब्रिज के पास यह दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार, जब उनका दोपहिया वाहन ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराया तो वे सड़क पर गिर गयी और एक बस ने उन्हें कुचल दिया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुर्घटना में तीन युवतियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए श्री माझी ने प्रत्येक मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों की उम्र लगभग 20 वर्ष थी और उनकी पहचान भुवनेश्वर निवासी रिमझिम प्रियदर्शिनी साहू तथा केंद्रपाड़ा जिले के राजकनिका क्षेत्र निवासी एलिना दास और काजल दास के रूप में हुई है।

# पुरकाजी खादर में बाढ़ के हालात



**मुजफ्फरनगर (पुरकाजी), 29 जून (बु.)।** उत्तराखंड सहित मुजफ्फरनगर में रविवार की सुबह हुई 66 एमएम बारिश के बाद हर बार की तरह इस बार भी पुरकाजी में आधे से अधिक बस्तियां, स्कूल व कार्यालय डूबते दिखाई दिये। स्कूल परिसरों की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नलका डूबने अंदाजा लगाया जा रहा है कि लगभग तीन फुट तक पानी ऊपर आ चुका है। ऐसे में यदि अगले कुछ दिनों में भयावह बारिश हुई तो शायद पांच फुट तक पानी ऊपर होने का अनुमान है। ऐसे में हर बार ही खादर क्षेत्रों में लाख मशक्कत के बाद भी क्षेत्र के लोगों को या तो उक्त क्षेत्र अगस्त तक छोड़कर कहीं ओर बसेरा करना पड़ता है या इसी जलभराव के बीच इस उम्मीद में रात गुजारनी पड़ती है कि कल शायद ऐसी बारिश न हो। वैसे तो प्रशासन पहले से ही ऐलान कराकर चेतावनी के रूप में उन्हें स्वयं कहीं किसी और ठिकाने पर जाने की सलाह देता है मगर कुछ लोग जा पाते हैं और कुछ नहीं। खादर के आधा दर्जन से अधिक गांव की गलियों में पानी चला हुआ है। रजकल्लापुर, फरकपुर, पांचली, भैसानी भदौला, रतनपुरी समेत आधा दर्जन से अधिक गांव अधिक पानी आ जाने के कारण परेशान हैं। भैंसली वाला गांव में लोगों के घरों में पानी भर गया है।

# हैड कांस्टेबल को रिश्वत के आरोप में फंसाने वाले शुभम त्यागी व पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** लगभग एक माह पहले शुभम त्यागी नाम के व्यक्ति ने शहर कोतवाली के हैड कांस्टेबल नरेन्द्र तेवतिया को तुलसी पार्क में पैसे के लेन-देन को लेकर फंसा दिया था मगर दो दिन बाद ही शुभम त्यागी के विरुद्ध लगभग एक दर्जन से

**दर्जनों से भी अधिक लोगों को प्रलोभन देकर कब्जा रखे हैं लाखों रुपये**

अधिक लोगों ने एसएसपी कार्यालय जाकर खुलकर बताया था कि उक्त व्यक्ति ने सैकड़ों लोगों से पैसे लेकर उन्हें दोगुने-तीन गुने होने का प्रलोभन देते हुए लाखों रुपये कई वर्षों से फंसा रखे हैं। शुभम त्यागी बचन सिंह कॉलोनी का निवासी है और बचन सिंह कॉलोनी के लोगों को भी खुद शुभम त्यागी व उसके पिता रजनीश त्यागी ने अपने जाल में फंसाया हुआ है। रविवार को बाप और बेटे दोनों के खिलाफ दर्जनों लोगों की ओर से शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। आपको बता दें कि इस मामले में लिखित में शिकायत देते हुए दीपक कुमार ने तीन लाख, प्रभा देवी ने छह लाख, सीमा ने दो लाख, सुनील ने डेढ़ लाख, राकेश कुमार ने नब्बे हजार, सुधांशु ने तीस हजार, पंकज ने एक लाख पैंसठ हजार, सचिन त्यागी ने एक लाख तैंतीस हजार रुपये दोनों बाप-बेटे द्वारा लिये जाने की बात बताई है। इसके अलावा भी दर्जनों लोग ऐसे हैं, जो अभी खामोशी साधे हुए हैं और उनकी कितनी रकम है, इसका खुलासा भी कुछ दिनों बाद होने वाला है।

# मुजफ्फरनगर में छत गिरने से महिला घायल

**मुजफ्फरनगर, 29 जून (बु.)।** नगर के भोपा में बारिश के चलते अनुसूचित जाति की विधवा महिला जसविंदर के मकान की छत गिर गई। सभी सामान मलबे के नीचे दब गया। मलबे की चपेट में आकर उसकी पुत्रवधू घायल हो गई। छोटा बच्चा बाल-बाल बचा। ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी ली और अपनी रिपोर्ट तैयार की। टीम का कहना है कि मुआवजा दिलाने के मद्देनजर अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसके अलावा सुबह से हो रही बारिश के कारण शहर में जलभराव हो गया। मोरना के खादर के इलाकों में सोलानी नदी का जलस्तर बढ़ने से गांवों और खेतों में पानी भर गया है। सोलानी नदी भी उफान पर है। खादर में मानसून शुरू होने के



बाद पहली बार खादर में बरसात का पानी आया है। इससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। अचानक आए पानी से किसानों को पशुओं के लिए हरे चारे की समस्या बन गई है। रजकल्लापुर के प्राथमिक विद्यालय में पानी भरने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में वांछित महिला समेत दो गिरफ्तार

**भोपा, 29 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को कलंकित करते हुए सगी चाची द्वारा बहला- फुसलाकर नाबालिग को दो आरोपियों को सौंप दिया गया था। जिन्होंने पीड़िता से मारपीट की थी और एक आरोपी द्वारा जंगल में ले जाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर पीड़िता की चाची और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं पुलिस फरार हुए एक आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बीते शनिवार को भोपा थाने पर पहुंचकर बताया था कि शुक्रवार की रात उसके भाई की पत्नी उसकी नाबालिग पुत्री को टॉयलेट जाने का बहाना बनाकर पास के ही स्कूल में ले गई थी, जहां पहले से ही मौजूद गांव निवासी दो युवकों ने उसे दबोच लिया और मारपीट कर उसे जंगल में ले गए थे, जहां एक आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। परिजनों द्वारा तलाश के दौरान जंगल में मिली पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आरोपी पीड़िता की चाची फरजाना पत्नी इरफान व दुष्कर्म के आरोपी अफवान पुत्र इस्ताक



को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, वहीं फरार आरोपी आसिफ की तलाश की जा रही है।

# विवाहिता ने लगाया नवजात पुत्री को दस हजार में बेचने व उसे तलाक देकर घर से निकालने का आरोप

**खतौली, 29 जून (बु.)।** विवाहिता ने कोतवाली में पहुंचकर अपने पति व सास द्वारा उसकी एक माह की नवजात पुत्री को दस हजार रुपये में बेचने तथा पति द्वारा उसे तलाक देकर घर से बाहर निकाले की शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार गजाला पत्नी सरफराज निवासी आलू मिल सद्दीकनगर कॉलोनी कस्बा खतौली ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पति सरफराज व सास शायरा पत्नी आदिल निवासी सद्दीकनगर कॉलोनी कस्बा खतौली ने मुझे बिना बताए मेरी मात्र एक माह की बच्ची को दस हजार रुपये में किसी अज्ञात को बेच दिया है। पीड़िता ने बताया कि जानकारी होने पर जब उसने विरोध किया तो उसे तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोग



मेरे पति की दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने भविष्य में उसके साथ कोई संगीन घटना होने की आशंका वयक्त करते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है।